हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 28 अक्टूबर 2025
[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

04 सोनाघाटी रेलवे पुल की चौड़ाई कम होने से एक साथ...



07 10 करोड़ से बनेगा नया तीन मंजिला भवन, 126...



## खबर संक्षेप

### सोलंकी बने क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष

**नर्मदापुरम।** भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा समाजसेवी प्रेम सिंह सोलंकी को भारतीय क्षत्रिय महासभा नर्मदापुरम के जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। पदाधिकारियों की सहमति से प्रेम सिंह सोलंकी को नर्मदापुरम का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। प्रेम सिंह सोलंकी ने बताया कि मैं तन, मन, धन से क्षत्रिय समाज संगठन की सेवा करूंगा। साथ ही संविधान की गरिमा एवं दायित्व का निर्वहन करते हुए संगठन की गरिमा व अनुशासन का पूर्ण रूप से पालन करुंगा। उनकी नियुक्ति पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के सदस्य एवं समाज बंधुओं ने शुभकामनाएं दी।

### गहन पुनरीक्षण 2025 के संबंध में बैठक आज

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश राज्य में होने वाले गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया के संबंध में आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम से अवगत कराये जाने हेतु कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 28 मंगलवार को प्रातः 11:30 बजे जिला कार्यालय के रेवा कक्ष में बैठक आयोजित की जाएगी।

### संभागीय जल उपयोगिता समिति की बैठक का हुआ आयोजन

# निर्णयः तवा जलाशय की मुख्य नहर से 3 नवंबर को छोड़ा जाएगा पहला पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

**रबी फसलों की सिंचाई हेतु संभागीय जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई। आयुक्त अध्यक्षता में 3 नवंबर को मुख्य नहर से पानी छोड़े जाने का निर्णय लिया गया।**

आयुक्त कार्यालय नर्मदापुरम में सोमवार को नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में रबी फसलों की सिंचाई हेतु संभागीय जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश कुमार शुक्ला, डीआईजी प्रशांत खरे, कलेक्टर नर्मदापुरम सुसोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस थोटा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन, जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता राजाराम मीना, उप संचालक कृषि जे आर हेडाऊ, विद्युत विभाग के जीएम विनोद सिंह भदोरिया, उपस्थित रहे। वही हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, बैतूल कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी एवं अन्य संबंधित अधिकारी ऑनलाइन मौजूद थे।



### होम गार्ड जवानों को करें तैनातः कमिश्नर

बैठक में जलाशय की वर्तमान जल संग्रहण स्थिति 1949 एमसीएम जो की उपलब्ध भराव का 100% होने की जानकारी दी। साथ ही बताया कि वर्तमान में नहरो की साफ सफाई का कार्य 50% तक पूर्ण कर लिया गया है। कमिश्नर ने जल संसाधन विभाग के उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नहरो से पानी छोड़े जाने के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए की पानी छोड़ने वाले स्थान से लेकर टेल क्षेत्र तक कुछ मुख्य प्वाइंटों पर नहर की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए उन्होंने जल संसाधन विभाग के कर्मचारी एवं होमगार्ड जवानों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए, साथ ही विद्युत विभाग के जीएम को निर्देश दिए कि वह नहर से पानी लेने के लिए किसानों द्वारा जो टेंपरेरी कनेक्शन लिए जाते हैं उन टेंपरेरी कनेक्शन को जल संसाधन विभाग की सहमति के बाद ही जारी किए जाएं। कमिश्नर ने स्थानीय स्तर पर सभी सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने के भी निर्देश दिए। साथ ही कहां की संबंधित अधिकारी गण नहरो के सुचारु एवं पर्याप्त जल प्रभाव हेतु उपयुक्त प्रबंधन एवं बारीकी से निगरानी करें। कमिश्नर ने बैतूल कलेक्टर को निर्देश दिए कि वह बैतूल जिले में स्थित जलाशयों के माध्यम से सिंचाई हेतु पानी का समुचित उपयोग करने के लिए प्रस्ताव तैयार करें।

### बारिश होती है तो बदल सकती है तारीखें

संभागीय जल उपयोगिता समिति की बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि हरदा जिले हेतु बायी तट मुख्य नहर से 3 नवंबर 2025 को, तवा नहर संभाग सिवनी मालवा की नहर के लिए 5 नवंबर 2025 से, तवा परियोजना संभाग इटारसी के लिए 7 नवंबर 2025 से तथा पीबीसी संभाग सोहागपुर नहर से 10 नवंबर से जल प्रवाह शुरू किया जाएगा। बैठक में यह निर्णय भी हुआ कि यदि इस दौरान लगातार बारिश होती है तो इन तय तिथियां में परिवर्तन किया जा सकेगा।

## जरा सी बात को लेकर बेटे ने मां की कर दी पिटाई, मामला दर्ज

**आरोपी बेटा पहले भी कई मामलों में पकड़ा जा चुका**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मां में अगर मैं जेल जाऊं तो क्या मेरी जमानत कराओगी?" मां, नहीं मैं नहीं कराऊंगी। इस बात को लेकर गोद लिये बेटे ने मां के साथ मारपीट शुरू कर दिया। मामला नर्मदापुरम के ग्वालटोली कचरा पट्टी इलाके में एक युवक ने अपनी ही मां से मारपीट की, उसने मां को थप्पड़-मुक्के मारे और बाद में तलवार लेकर जान से मारने की कोशिश की।

मां का जवाब सुनकर शाहरुख गुस्से में आ गया और उसने थप्पड़-मुक्के से उनकी पिटाई कर दी। जब महिला बचने के लिए दरवाजा बंद कर अपनी बेटी के घर जाने लगी, तो शाहरुख तलवार लेकर पहुंच गया। डर के कारण महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

### आदतन अपराधी है आरोपी

कोतवाली पुलिस ने आरोपी बेटे शाहरुख खान के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, शाहरुख पहले भी मारपीट और बदमाशी के मामलों में पकड़ा जा चुका है।

### 17 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम।** विधायक सोहागपुर की अनुशंसा पर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा विधायक निधि से 04 निर्माण कार्यो के लिए 17 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय नर्मदापुरम से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक सोहागपुर विजय पाल सिंह की अनुशंसा पर ग्राम बीकोर विकासखण्ड माखननगर में पार्क के बाजू में मंगल भवन के प्रथम तल पर भवन निर्माण के लिए 13 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार ग्राम आरी विकासखण्ड माखननगर में अहिरवार मोहल्ला में संतराम अहिरवार के घर के पास सार्वजनिक कक्ष निर्माण के लिए 02 लाख रूपये, तथा ग्राम पंचायत खारदा के ग्राम घोघरीखेडा विकासखण्ड माखननगर में माता मंदिर के पास सार्वजनकि चबूतरे पर टीनशेड निर्माण एवं ग्राम पंचायत रजौन विकासखण्ड माखननगर में पंचायत भवन के पास टीन शेड निर्माण के लिए क्रमशः 01-01 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## समस्याः थोड़ी सी बारिश होते ही स्टेट हाईवे फिर बना तालाब, परेशान हो रहे नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोमवार दोपहर सोहागपुर क्षेत्र में तीव्र बारिश हुई। जिसके चलते शहर में स्टेट हाईवे पर पानी भर गया। जिससे शहरवासी व वाहनों में सवार यात्रियों को परेशानी हुई।

नागरिकों ने बताया कि स्टेट हाईवे पर अत्यधिक मात्रा में जल भराव के चलते सबसे अधिक परेशानी स्कूलों के अवकाश के बाद घर लौटते बच्चों को हुई। साइकिलों पर सवार बच्चे जब स्टेट हाईवे पर बने तालाब से निकले, तो बहुत अधिक परेशान हुए। पानी में छिपे गड्ढे स्कूली बच्चों को दिखाई नहीं दिए व कुछ बच्चे साइकिल सहित गड्ढों में गिर गए। उल्लेखनीय है कि तीन वर्षों से अधिक समय से शहर में स्थित सीएम राइज़ स्कूल के निर्माणाधीन भवन के सामने स्टेट हाईवे पर



जल भराव की समस्या बनी हुई है। लेकिन नगर प्रशासन समस्या का समाधान नहीं कर पा रहा है। और तीन वर्षों से अधिक समय से नागरिक परेशानी झेल रहे हैं।

### नरवाई के उचित प्रबंधन के लिए किया जा रहा जागरूक

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशन में नर्मदापुरम जिले में कृषि विभाग द्वारा किसानों को नरवाई/पराली (फसल अवशेष) जलाने के दुष्प्रभावों एवं उसके वैकल्पिक वैज्ञानिक प्रबंधन के उपायों की जानकारी देने हेतु व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नरवाई जलाने की प्रक्रिया भूमि की उर्वरता को नष्ट करने के साथ-साथ पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य और जलवायु पर भी गंभीर प्रभाव डालती है। इसी कारण किसानों को पराली जलाने के बजाय उसका वैज्ञानिक प्रबंधन करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

## आगामी जिला अध्यक्षों की ट्रेनिंग को लेकर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी पहुंचे पचमढ़ी, लिया व्यवस्थाओं का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

पचमढ़ी में होने वाली जिला अध्यक्षों की ट्रेनिंग 2 नवंबर से 11 नवंबर तक होनी तय है, यानी यह 10 दिवसीय ट्रेनिंग कैंप होगा। इस कैंप में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मौजूद रहेंगे। खबरों के मुताबिक, इस ट्रेनिंग कैंप में राहुल गांधी भी जिला अध्यक्षों की क्लास ले सकते हैं। शिविर का उद्देश्य जिला अध्यक्षों को धरने-प्रदर्शन में संयम बरतना सिखाना, 'डरो मत' (राहुल गांधी का कॉन्सेप्ट) के बारे में बताना, और उनके बौद्धिक स्तर को बढ़ाना है। कुछ रिपोर्ट्स में मार्शल आर्ट्स



सिखाए जाने की बात भी कही गई है ताकि उनकी फिटनेस बनी रहे। जिला अध्यक्षों को आरामदायक और मजबूत जूते या स्पोर्ट्स शूज़ लाने की सलाह भी दी गई है। जिला अध्यक्षों के इस ट्रेनिंग को लेकर सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पचमढ़ी पहुंचे। पचमढ़ी पहुंचकर सर्वप्रथम होटल हाइलैंड जो कि मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग की इकाई है जहां यह ट्रेनिंग सेशन आयोजित होना है उसमें पूरी तैयारी का जायजा लिया कॉन्फ्रेंस हॉल एवं अन्य सुविधाओं की जानकारियां ली। इसके बाद जीतू पटवारी पचमढ़ी के ऐतिहासिक राजभवन पहुंचे। राहुल गांधी एवं मल्लिकार्जुन खड़गे संभावित है कि हवाई मार्ग से पचमढ़ी पहुंचेंगे जिसको लेकर जीतू पटवारी पचमढ़ी के हेलीपैड भी पहुंचे और निरीक्षण किया। आईएनएच से ख़ास बातचीत में जीतू पटवारी ने बताया कि किस तरह आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी में कांग्रेस पार्टी अभी से लगी हुई है एवं इस तरह का ट्रेनिंग सेशन जिसने राहुल गांधी जो की पार्टी के मोटिवेशन माने जाते हैं वह एवं अन्य बड़े नेता आएंगे किस तरह वह जिला अध्यक्ष एवं अन्य कांग्रेसी साथियों को प्रभावित करेंगे।

## खेल महोत्सवः 25 दिसंबर तक चलने वाली प्रतियोगिताओं का सांसद ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ डॉलफ़िन बैडमिंटन एकेडमी में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नर्मदापुरम विधायक सीताशरण शर्मा ने की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेंद्र यादव, प्रीति शुक्ला, मध्य प्रदेश तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। सांसद चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि नर्मदापुरम में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही दिशा और अवसर देने की




आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण और छोटे शहरों की खेल प्रतिभाओं को मंच देना, युवाओं में खेल भावना को विकसित करना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारे "खेलेगा इंडिया तो खिलेगा इंडिया" को दोहराते हुए युवाओं से अधिकाधिक संख्या में खेलों में भागीदारी करने और 2036 के ओलंपिक में भारत को पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंचाने का आह्वान किया। यह खेल महोत्सव 25 दिसंबर तक आयोजित होगा, जिसमें क्रिकेट, कबड्डी, हॉकी, खो-खो, फुटबॉल, रस्साकशी सहित कई खेलों की स्पर्धाएँ होंगी।

## पचमढ़ी-पिपरिया मार्ग पर वाहन अनियंत्रित होकर नीचे उतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

पचमढ़ी पिपरिया मार्ग पर एक टूरिस्ट वाहन अनियंत्रित होकर पिचिंग से नीचे जाकर क्षतिग्रस्त हुआ। वाहन पचमढ़ी से कुछ ही दूरी पर क्षतिग्रस्त हुआ। मौके पर पुलिस बल ने पहुंचकर वाहन एवं चालक को रेस्क्यू किया। वाहन में केवल ड्राइवर ही मौजूद था गाड़ी चालक पचमढ़ी सैलानियों को लेकर आया था एवं रास्ता भटकने के कारण वह पचमढ़ी पिपरिया मार्ग पर निकल गया था। अनूप कुमार थाना प्रभारी पचमढ़ी - पचमढ़ी पिपरिया मार्ग पर एक वाहन अनियंत्रित होकर पीचिंग से नीचे उतरा है पुलिस बल द्वारा वाहन चालक एवं वाहन को रेस्क्यू



किया गया है।वाहन चालक नशे की हालत में था एवं उसके द्वारा बताए अनुसार वह पचमढ़ी सैलानियों को लेकर आया था रास्ता भटकने के कारण में पचमढ़ी पिपरिया मार्ग पर चला गया था।

## महाराजा जवाहर सिंह स्मारक समिति के स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुईं राज्यसभा सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

महाराजा जवाहर सिंह स्मारक समिति, भरतपुर के स्थापना दिवस, भामाशाह एवं जाट प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को शहर में हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया सम्मिलित हुई।

समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जाट समाज के प्रतिभावान युवाओं तथा भामाशाहों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांसद माया नारोलिया ने कहा कि समाज के युवा अपनी मेहनत और लगन से देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं।




उन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित सामाजिक बंधुओं से संवाद करते हुए समाज में शिक्षा, एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने का आह्वान किया।कार्यक्रम में भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बाल्यान, स्थानीय विधायक शैलेश फौजदार, उद्योगपति डॉ. नरेंद्र सिंह फौजदार, समाजसेवी एवं उद्योगपति रज्जन सिंह तंखा, उद्योगपति देवी सिंह कुंतल, समिति अध्यक्ष सरदार सिंह तथा विकास नारोलिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हब फार एम्पावरमेंट आफ वुमन अंतर्गत जिला कार्यकम अधिकारी श्री ललित डेहरिया के मार्गदर्शन में सोमवार को वन स्टाप सेंटर नर्मदापुरम में अक्टूबर माह की थीम मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रश्मि वर्मा सहायक निर्देशिका आंगनवाडी प्रशिक्षण केंद्र पावरखेडा जेंडर स्पेशलिस्ट हब ने मानसिक स्वास्थ्य तथा तनाव प्रबंधन के विषय में महिलाओं को जानकारी प्रदान की। दिव्या मिश्रा सिटी मिशन मैनेजर ने पी एम स्व निधि योजना एवं स्वसहायता समूह के विषय में जानकारी दी। प्रशासक प्रतिभा बाजपेयी द्वारा महिला हेल्पलाइन नं. 181,1098,112 वन स्टाप सेंटर से दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में महिलाएं, पुरूष तथा वन स्टाप सेंटर का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

### नर्मदापुरम में मातृशक्ति ने सेठानी घाट पर की छठ पूजन

## उगते सूर्य को को अर्ध्य देकर मांगी परिवार की समृद्धि और खुशहाली की अरदास, आज किया गया समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मां नर्मदा की धार्मिक नगरी नर्मदापुरम में आस्था, संस्कार और सूर्योपासना के महापर्व छठ पूजा का सोमवार को तीसरा दिन मनाया गया। सोमवार शाम को नर्मदापुरम में नर्मदा नदी के किनारे व्रती डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके लिए सेठानी घाट, विवेकानंद घाट और पोस्ट ऑफिस घाट पर पूर्वांचल और उत्तर भारत के निवासरत परिवार जल में खड़े होकर सूर्यदेवता की आराधना की। चार दिवसीय इस महापर्व का समापन मंगलवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ होगा।

मंगलवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व का समापन होगा। भास्कर देवता और



छठी मईया से महिलाएं अपने पति और बेटे की लंबी आयु की कामना करेंगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर पालिका द्वारा सेठानी घाट, विवेकानंद घाट और पोस्ट ऑफिस घाट पर सफाई कराई गई है, जिससे मां गंगा के तट की तरह ही मां नर्मदा के ये घाट भी छठमय नजर आया। चार दिवसीय पर्व की शुरुआत 25 अक्टूबर को नहाय-खाय के साथ हुई थी। व्रतियों ने दूसरे दिन रविवार को खरना पर दिनभर उपवास रखा। शाम को पूजा-पाठ कर भोग लगाने के उपरांत खीर का प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद शुरू हुआ 36 घंटे का निर्जला उपवास मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही समाप्त होगा।

### सूर्य देवता को देंगे अर्घ्य

28 अक्टूबर (मंगलवार) की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ पर्व का समापन होगा। चूंकि अब ठंड शुरू हो चुकी है और सुबह कोहरा रहता है, इसलिए अगर कोहरे की वजह से उदित होते सूर्यदेव के दर्शन संभव नहीं हुए, तो आसमान में पूर्व की ओर लालिमा के दर्शन कर अर्घ्यदान करने का विकल्प है। अर्घ्यदान का समय थोड़ा आगे-पीछे हो सकता है।

## आयुक्त ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कमिश्नर तिवारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाबडिया भाऊ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक साफ सफाई न होने पर सख्त नाराज़गी जाहिर की और कहां की गत निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के बाहर आवश्यक सफाई रखने के निर्देश दिए थे जिसका पालन नहीं किया गया। साथ ही 10 से 12 ओपीडी प्रतिदिन रहने पर भी कमिश्नर ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ओपीडी की संख्या बढ़ाई जाए।

निरीक्षण के दौरान पदस्थ डॉक्टर शुभम मेहतो अनुपस्थित पाए गए जिस पर कमिश्नर ने सख्त नाराज़गी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान केवल नर्स गौरा परते एवं थर्मोसिस्ट लोकेश उपस्थित थे। जिला एवं खंड स्तरीय चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण नहीं किया गया था। इस पर भी सख्त नाराजगी व्यक्त की।

## खबर संक्षेप

### आमला विकासखंड के 50 गांवों को मिलेगी सुविधा

**बैतूल।** आमला से रमली मार्ग में बेल नदी पर रेलवे द्वारा निर्मित पुराने और संकरे पुल के बगल में अब एक नया पुल बनाया जाएगा। लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण द्वारा इस पुल की निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। निर्माण कार्य का अनुबंध मेसर्स हरीश चन्द्र मिश्रा टिमरनी फर्म के साथ किया गया है। लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण उपसंभाग बैतूल गिरीश हिंगवे ने बताया कि यह पुल 8.4 मीटर चौड़ा और 60 मीटर लंबा होगा। इसके निर्माण पर 201.68 लाख की लागत आएगी। कार्य प्रारंभ करने से पूर्व स्थल पर सॉइल इन्वेस्टिगेशन का कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पुल निर्माण कार्य की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और शीघ्र ही कार्य स्थल पर गतिविधियां प्रारंभ हो जाएंगी। इस पुल के बन जाने से आमला विकासखंड से रमली, नंदपुर, देवठान सहित लगभग 50 गांवों की आबादी को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। नया पुल बन जाने पर इस मार्ग से मुलताई सहित अन्य क्षेत्रों के लिए आवागमन सुगम और सुरक्षित होगा।

### कलेक्टर ने की मप्र स्थापना दिवस की तैयारियों की समीक्षा

**बैतूल।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 1 नवंबर को जिला मुख्यालय स्थित जयवंती पीजी हॉक्सर कॉलेज में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में विस्तृत समीक्षा कर स्थापना दिवस के गरिमामय आयोजन के लिए सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन कर सभी तैयारियां समय सीमा में पूर्ण की जाए। उन्होंने जिले के गौरवशाली व्यक्तित्व, प्रमुख ऐतिहासिक एवं पर्यटक स्थलों, विभिन्न योजनाओं और एक जिला एक उत्पाद पर केन्द्रित प्रदर्शनी के आयोजन के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग को सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन की सभी तैयारियां किए जाने के लिए निर्देशित किया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें।

### जिले में अभी तक 1058.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**बैतूल।** जिले की औसत वर्षा 1083.9 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 1058.0 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 1098.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 27 अक्टूबर 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 13.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 27 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे तक तहसील बैतूल में 34.4, घोड़ाडोंगरी में 45.0, चिचोली में 18.0 शाहपुर में 36.0, मुलताई में 0.0, प्रभात पट्टन में 0.0, आमला में 0.0, भैंसदेही में 0.0, आठनेर में 0.0 तथा भीमपुर में 0.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### युवाओं ने लिया राष्ट्र निर्माण का संकल्प

**बैतूल।** शारदा विहार आवासीय परिसर में अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ द्वारा तीन दिवसीय प्रांतीय युवा चिंतन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बैतूल जिले के सभी विकासखंडों से लगभग 40 युवाओं और संगठन के 10 वरिष्ठ परिजनों ने भाग लेकर युवा प्रकोष्ठ की गतिविधियों को गति देने का संकल्प लिया। शिविर में देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या, प्रांतीय समन्वयक विवेक चौधरी, मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके, मोहन नागर, रामकृष्ण कुश्मुरियां सहित शांतिकुंज के प्रतिनिधियों ने युवाओं के साथ गहन चिंतन-मनन किया। मध्य जोन समन्वयक जगदीशचंद्र कुलमी ने युगनिर्माण सत्संकल्प का पाठ किया, वहीं विवेक चौधरी ने युवा प्रकोष्ठ मध्यप्रदेश का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## पांच मीटर चौड़े पुल से निकल रहे वाहन, हादसों का डर

# सोनाघाटी रेलवे पुल की चौड़ाई कम होने से एक साथ नहीं निकल पाते दो वाहन

सोनाघाटी रेलवे पुल के पास पूर्व में कई हादसे हो चुके है। जिसके पीछे बड़ा कारण सडक़ की कम चौड़ाई है। बताया गया कि इस सडक़ पर सोनाघाटी पुलिया की सडक़ तो केवल 4.5 मीटर चौड़ी है। जिसके कारण दो वाहन एक साथ क्रॉस नहीं हो पाते है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सोनाघाटी रेलवे पुल की टर्निंग पर सडक़ बेहद संकरी है। सडक़ की चौड़ाई आज तक नहीं बढ़ाई है। केवल 7 मीटर चौड़ी इस सडक़ पर सोनाघाटी पुलिया जैसी जगह पर चौड़ाई 5 मीटर ही है। यहां चारपहिया वाहन के आने पर बाइक तक नहीं निकल पाती। लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग ने इस सडक़ को चौड़ा करने की सुध नहीं है। वहीं इसी सडक़ पर सदर के ओवरब्रिज पर तो ऐसे जाम लगते हैं कि बगल के फुटपाथ पर खतरा मोल लेकर बाइक चालकों को दूसरी ओर जाना पड़ता है। बडोरा मंडी में भी अब मक्का खरीदी का सीजन आने वाला है ऐसे में अब यहां परेशानियां बढ़ सकती हैं। दरअसल बैतूल शहर से दोनों दिशाओं में भोपाल की ओर 30 मीटर चौड़ा बैतूल-इटारसी फोरलेन और महाराष्ट्र की ओर 30 मीटर चौड़ा बैतूल-नागपुर फोरलेन बन चुका है। लेकिन बीच में जिस 13 किलोमीटर सडक़ पर सबसे ज्यादा बैतूल और बैतूल बाजार के शहरवासी आना-जाना करते हैं, जहां सबसे ज्यादा ट्रैफिक रहता है। इसे चौड़ा करने की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

#### विभाग ने दोबारा नहीं भेजा प्रपोजल

बैतूल से नागपुर तक 177 किमी फोरलेन 2200 करोड़ से 2014 में बनाया गया। इसी तरह बैतूल इटारसी 650 करोड़ के 72 किमी फोरलेन में से 51 किमी बनने के बाद इस पर भी ट्रैफिक चालू है। बैतूल के आसपास तो खूब चौड़ी फोरलेन सडक़ें बनी। लेकिन बैतूल शहर से गुजरने वाली पुराने एनएच 69 की सडक़ आज भी संकरी है। 2015 में एनएचएआई से पीडब्ल्यूडी को हैंडओवर की इस सडक़ पर सोनाघाटी पुलिया की सडक़ तो केवल 4.5 मीटर चौड़ी है। इसे 25 मीटर करने की मांग कई बार उठी, लेकिन पीडब्ल्यूडी ने एक बार 2015 में प्रपोजल भेजने के बाद उस समय बजट का इंतजाम नहीं होने पर दोबारा प्रस्ताव ही नहीं भेजा। जबकि सडक़ को छोडक़र अन्य सभी सडक़ें जिन का बैतूल शहरवासी बहुत ज्यादा उपयोग नहीं करते सभी चौड़ी हो चुकी हैं।

#### हो चुके हैं कई हादसे, फिर भी ध्यान नहीं

सोनाघाटी रेलवे पुल के पास पूर्व में कई हादसे हो चुके है। जिसके पीछे बड़ा कारण सडक़ की कम चौड़ाई है। बताया गया कि इस सडक़ पर सोनाघाटी पुलिया की सडक़ तो केवल 4.5 मीटर चौड़ी है। जिसके कारण दो वाहन एक साथ क्रॉस नहीं हो पाते है। सोनाघाटी रेलवे पुल की हालत तो ऐसी है कि यहां चार पहिया वाहन के आने पर बाइक तक नहीं निकल पाती। लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग ने इस सडक़ को चौड़ा करने की सुध नहीं है। इसी तरह सदर के सबसे ज्यादा ट्रैफिक वाले ओवर ब्रिज पर दोनों ओर ट्रैफिक इतना ज्यादा था कि वाहन फुटपाथ पर चलाना मजबूरी बन गया। ऐसे में इस सडक़ पर हादसों का खतरा और भी बढ़ गया है।

#### प्रपोजल भेजा जाएगा

*सोनाघाटी रेलवे पुल के पास सड़क चौड़ीकरण की ओर भविष्य में ध्यान दिया जायेगा। यदि बजट की व्यवस्था होगी तो उच्चाधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर प्रपोजल भेजा जाएगा।*

*- **प्रीति पटेल,** ईई, पीडब्ल्यूडी बैतूल*

# अवैध शराब की तस्करी करते दो गिरफ्तार

## अवैध शराब व कार सहित कुल 6 लाख 60 हजार रुपए का मशरूका जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

बीती रात मुलताई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर सफेद रंग की स्विफ्ट कार से अवैध शराब की और तस्करी करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 136.68 लीटर शराब, कीमत करीब 1,56,000 रुपये बरामद की गई है।

मोहन यादव सरकार द्वारा प्रदेश की 17 पवित्र एवं धार्मिक नगरियों में शराबबंदी लागू की गई है। जिसके चलते पवित्र नगरी मुलताई की सभी देशी-विदेशी शराब दुकानें बंद कर दी गई हैं, किंतु इसके बाद नगर की गलियों में शराब तस्करों की बाढ़ आ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बोरदेही की ओर से एक सफेद कार में अवैध शराब लेकर मुलताई की ओर आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस रवाना हुई और बोरदेही की ओर जाते समय एक सफेद स्विफ्ट कार आती दिखाई दी। रोकने का प्रयास करने पर कार चालक ने टेमझिरा लिंक रोड की ओर कार मोड़ दी। पीछा कर कार को रोककर पूछताछ की गई। कार चालक ने अपना नाम मनीष शाह (42 वर्ष) निवासी बंगाली कॉलोनी, मुलताई बताया तथा कंडक्टर सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम रोहित पिता इन्द्राज धोगले (24 वर्ष) निवासी भगतसिंह वार्ड, मुलताई बताया। कार क्रमांक एमपी 04 सीसी 4605 की तलाशी लेने पर शराब



की पेटियां मिलीं। जिसमें रॉयल चैलेंज शराब 33 बोतल, प्रत्येक 750 एमएल, रॉयल चैलेंज शराब 48 पाव, प्रत्येक 180 एमएल, रॉयल स्टेज शराब 48 पाव, प्रत्येक 180 एमएल, सिग्नेचर प्रीमियम शराब 96 पाव, प्रत्येक 180 एमएल, रॉयल स्टेज शराब की सीलबंद बोतलें, प्रत्येक 750 एमएल, आइकोनिक व्हाइट शराब 134 पाव, प्रत्येक 180 एमएल, देशी मदिरा प्लेन के 250 पाव, प्रत्येक 180 एमएल, जिनकी कुल कीमत 136.68 लीटर शराब कीमत लगभग 1,56,000 रुपये है। लाइसेंस संबंधी पूछताछ में आरोपी कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। उनका कृत्य आबकारी एक्ट की धारा 34(2) का अपराध पाया गया। तलाशी के दौरान रोहित धोगले के पास से ओप्पो कंपनी का एक काला मोबाइल कीमत लगभग 4,000 रुपये और घटना में प्रयुक्त सफेद कार कीमत करीब 5,00,000 रुपये बरामद की गई। कुल मशरूका 6,60,000 रुपये जप्त किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अपराध क्रमांक 1022/25 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।

# केंद्रीय विद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह आरंभ




**सारनी।** केंद्रीय विद्यालय सरनी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत की गई। विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भ्रष्टाचारमुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के प्रभारी मनराज मीना ने सभी को सतर्कता एवं ईमानदारी के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम की शुरुआत सत्यनिष्ठा की शपथ से हुई, जो विशाल सर द्वारा दिलाई गई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों का पालन निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करना चाहिए। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक ब्रजेश वर्मा सहित सभी शिक्षकों ने शपथ ग्रहण किया और सतर्कता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। देश भर में 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस अवसर पर हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर आधारित इस सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्देश्य केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशों के अनुसार सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना है। विद्यालय परिवार ने यह संकल्प लिया कि वे सदैव सत्यनिष्ठा एवं पारदर्शिता के मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे।

### किसान की नाले में डूबने से मौत

**बैतूल।** आमला थाना क्षेत्र के कन्हडगांव में रविवार रात एक किसान की नाले में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 50 वर्षीय धनराज निवासी कन्हडगांव के रूप में हुई। उनका शव सोमवार सुबह खेत के पास नाले के पानी में डूबा मिला। धनराज के बेटे ने बताया कि उनके पिता अक्सर रात में खेत की ओर जाते थे और कभी-कभी मित्र के घर रुक जाते थे। रविवार रात जब वे घर नहीं लौटे, तो परिवार ने सोचा कि वे मित्र के यहां रुके होंगे। सोमवार सुबह एक मित्र ने धनराज का शव पानी में डूबा होने की सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जांच अधिकारी विकास वर्मा ने बताया कि शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए आमला के सिविल अस्पताल भेजा गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि धनराज शराब पीने का आदी था। पुलिस को आशंका है कि रविवार रात शराब के नशे में पैर फिसलने से धनराज नाले में गिर गए होंगे, जिससे उनकी डूबने से मौत हो गई। उप निरीक्षक अमित पवार ने भी प्रारंभिक जांच में नशे की हालत में फिसलने की बात कही है। इस मामले में मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

## 3 करोड़ 70 लाख से होगा निर्माण

# सांसद विधायक ने किया डोहलन बिहरगांव सड़क का भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

केंद्रीय राज्य मंत्री डीडी उइके, विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने डोहलन से बिहरगांव 3.50 कि. मी मार्ग सडक़ निर्माण का भूमि पूजन किया। भूमि पूजन कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने कहा की डोहलन से बिहरगांव 3.50 किमी सडक़ बनने से क्षेत्र वासियों को आवागमन में बेहतर सुविधा मिलेगी, अब उन्हें आने -जाने में परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा द्य वही केंद्रीय राज्य मंत्री डीडी उइके ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा क्षेत्र के सहज-सरल लोकप्रिय विधायक चंद्रशेखर देशमुख के अथक प्रयासों से डोहलन से बिहरगांव सडक़ निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली है, मुलताई विधानसभा में विकास कार्य के लिए वह हमेशा प्रतिबद्ध रहते हैं द्य क्षेत्र की समस्या के समाधान के लिए अक्सर वह मुझे संवाद करते हैं द्य उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एंव निर्माण एजेंसी ठेकेदार से बेहतर क्वालिटी की सडक़ बनाने के निर्देश दिये। सडक़ निर्माण भूमि पूजन के अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री डीडी उइके, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, विधायक चंद्रशेखर देशमुख, प्रभात पट्टन भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश धाकड़, भाजपा वरिष्ठ नेता राजेश पाठक, मंडल प्रभारी इंद्रपाल, जनपद सदस्य नितेश काले, पूर्व सरपंच गुलाबराव लिखितकर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एंव ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# 'अविवादित नामांतरण, बंटवारा के लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से हो निराकरण'

## स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर स्वास्थ्य अमले के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लंबित अविवादित नामांतरण और अविवादित बटवारा के प्रकरण प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित कराएं। यह निर्देश कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को दिए हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समयसीमा की बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने लंबित राजस्व प्रकरणों को तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि 30 और 90 दिन से अधिक के लंबित प्रकरणों में संबंधित तहसीलदार और नायब तहसीलदारों से प्रति प्रकरण 5 हजार की दंडात्मक राशि अधिरोपित की जाए और यह राशि संबंधित अधिकारी के वेतन से कटौती की जाएं। बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने स्वरोजगारमूलक योजनाएं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना इत्यादि की समीक्षा कर इन योजनाएं के प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण के लिए विकासखंडवार कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा




कि संबंधित विभागों के अधिकारी इन कैंपों में ज्यादा से ज्यादा प्रकरण बैंकों में प्रेषित कर निराकरण कराएं।

बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने विगत दिवस घोड़ाडोंगरी में स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही की शिकायत कर नाराजगी जारी की और घोड़ाडोंगरी बीएमओ संजीव शर्मा के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करने और उनका 2 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र घोड़ाडोंगरी के चिकित्सक डॉ सोनू गोंड, स्टाफ नर्स शिवरती धुर्वे, स्टाफ नर्स भावना पंडोले, वार्ड बॉय शैलेश बामनकर और गार्ड रंजीत के एक एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बैठक में भू आवंटन के प्रकरणों में भी लापरवाही पर एसडीओ फॉरेस्ट ,सिंचाई, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी इत्यादि विभागों के सम्बन्धित अधिकारी के वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने शीघ्र भूमि आवंटन के समस्त प्रकरणों का निराकरण करने के भी सख्त निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने वन अधिकार के प्रकरणों की भी समीक्षा कर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को निर्देशित किया कि कैलेंडर जारी कर वन अधिकार के प्रकरणों का ग्राम, विकासखंड और जिला स्तरीय समिति की बैठक कर प्रकरणों का अनुमोदन कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने माननीय न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में भी तत्परतापूर्वक जवाब दावे प्रस्तुत कर प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने धरती आबा योजना में समस्त संबंधी विभागों को विभागीय योजनाओं में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के निर्देश दिए।

## घर सुधरेगा तो जग सुधरेगा, बालाजीपुरम में परिवार परिचर्चा में अभिनव पहल

### 11 नवंबर को दिया जाएगा किसी संपूर्ण नारी को एक लाख का द जूडी अवार्ड

# प्रेरणा और प्रोत्साहन का नाम है द जूडी अवॉर्ड 2025



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




घर सुधरेगा तो जग सुधरेगा.. इस बात की अभिनव पहल आज रविवार को भारत के पांचवेधाम श्री रूकमणि बालाजी मंदिर बालाजीपुरम बैतूल से हुई। परिवार परिचर्चा के नाम से आयोजित इस सेमीनार में जिले ही नहीं अपितु प्रदेश के वक्तागण और सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं के प्रमुख भारी संख्या में मौजूद थे।

सबसे पहले भगवान बालाजी का पूजन और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत बालाजीपुरम संस्थापक सेम वर्मा की उपस्थिति मे की गई। इसके बाद कार्यक्रम के संचालक सुनील व्दिवेदी ने परिचर्चा का कारण बताया और सभी को अपने विचार रखने को कहा। भोपाल से आए चिंतक-विचारक रितेश शुक्ला, ब्रह्मकुमारी आश्रम की प्रमुख मंजू दीदी, गायत्री परिवार के संभाग प्रमुख डा कैलाश वर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दिनेश सोनी, वरिष्ठ समाजसेवी नरेन्द्र,शुक्ला, जन अभियान परिषद के संभाग प्रमुख कौशलेश तिवारी, समाजसेवी सीमा चौरिया, शारदा समिति के शैलेन्द्र बिहारिया,धीरज बोथरा आदि ने अपने विचार रखे और परिवार को एकजुट रखने के तरीके बताए। इस बात पर भी सभी की सहमति बनी कि आगामी 11 नवंबर को एक बड़ा कार्यक्रम बालाजीपुरम में होगा। इसमें एक लाख का पुरस्कार उस महिला को दिया जाएगा जो परिवार और समाज को एकजुट कर चलती है।

सेमीनार में शैलेन्द्र बिहारिया ने कहा कि किसी ने सटीक कहा है कि प्रेरणा और प्रोत्साहन के चंद शब्द किसी का भी जीवन बदल सकते है देश विदेश के लोगों से प्रेरणा लेने और उन्हें प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से भारत के पांचवे धाम बालाजीपुरम से यह पहल प्रारंभ की जा रही है जिसको जूडी अवार्ड के नाम से संजोया गया है।

सेमीनार में बताया गया कि यह पुरस्कार संपूर्ण महिला को दिया जाएगा। एक संपूर्ण महिला में सही निर्णय लेने की क्षमता होती है, वह विचारशील निर्णय लेती है और वाणी और कार्य में अंतर्दृष्टि प्रदर्शित करती है। वह अपनी और अपने परिवार की गरिमा और सम्मान के साथ मूल्य जानती है। उसमें कठिनाई, भय और विपत्ति का सामना करने की मानसिक और नैतिक शक्ति है, और असफलताओं से उबरने की क्षमता है। वह अपनी और अपने परिवार की समृद्धि के लिए परिस्थितियों के अनुसार कार्य करती है। वह परिवार, साथी और सामाजिक कारणों के प्रति गहरा स्नेह, वफादारी और प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है। उसमें दूसरों की भावनाओं को समझने और साझा करने की क्षमता है, दयालुता दिखाती है और अपने आसपास के लोगों की भलाई के लिए वास्तविक चिंता रखती है।

#### नामांकन कैसे करें

जूडी पुरस्कार समाज के विभिन्न वर्गों जैसे राजनीति, कला, साहित्य और संस्कृति, खेल, नौकरशाही, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, शिक्षाविद और मानव गतिविधियों के अन्य विविध वर्गों से शीर्ष नामांकित महिलाओं को प्रदान किया जाएगा। नामांकित व्यक्ति एक विनम्र गांव से लेकर दुनिया के किसी भी महानगरीय शहर तक की भारतीय महिला हो सकती है। दुनिया में कोई भी व्यक्ति किसी भी भारतीय महिला को इस पुरस्कार के लिए नामांकित करने के लिए पात्र है। नामांकन वेबसाइट जूडी पर किया जा सकता है। इस आयोजन में समाजसेवी बंटी सरदार, पप्पी शुक्ला, पिंकी भाटिया, बलवंत धोटे, विवेक बंटी वर्मा, ऋषि वर्मा, मनोज तिवारी, विवेक शुक्ला, राजेश मदान, ललित सरले, आनंद राठौर, वंदना कुंभारे, तरूणा व्दिवेदी, निमिषा शुक्ला, बिंदू मालवीय, सीमा साहू, कल्पना मांझी, सरिता राठौर, साक्षी शर्मा, पूजा अमझरे, हरीश गढ़ेकर, अशोक देशमुख, राज बाघमारे आदि मौजूद थे।

## बिजली कंपनी का उपाय एप हुआ अपग्रेड

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को अनेक सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई गई हैं। कंपनी ने बिजली उपभोक्ता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कंपनी के उपाय ऐप को अपग्रेड कर दिया है। अब बिजली उपभोक्ता कंपनी के उपाय ऐप से घर बैठे ही अपने बिजली कनेक्शन से संबंधित अनेक सुविधाओं का लाभ केवल एक ऐप के माध्यम से ही उठा सकते है। कंपनी ने उपाय ऐप को अपग्रेड कर समग्र आईडी के साथ ही पैन कार्ड के माध्यम से भी ई-केवायसी करने की सुविधा उपलब्ध करवाई है। उपभोक्ता परिसरों में स्थापित स्मार्ट मीटर में बिजली खपत की जानकारी को देखने के साथ ही बिजली रीडिंग, बिलिंग, चेकिंग और अन्य बिजली संबंधी कार्यवाही के लिए उपभोक्ता परिसर में आने वाले बिजली कार्मिकों की पहचान हेतु एम्पलाई वेरिफिकेशन संबंधी फीचर भी उपलब्ध कराया है। उपभोक्ता अब उपाय के माध्यम से कंपनी के अधिकृत कर्मचारी की पहचान हेतु उससे कर्मचारी नंबर पूछकर उपाय एप के एम्पलाई वेरिफिकेशन फीचर के माध्यम से देख सकेंगे और अनधिकृत व्यक्ति तथा जालसाजों द्वारा बिजली कार्मिक बनकर किये जाने वाले धोखे से भी बच सकेंगे।

### ईको सेंसटिव जोन सीमा निर्धारण के लिये सोहागपुर विधायक ने की मुख्यमंत्री से भेंट

# नोटिफिकेशन में संशोधन के रखे प्रस्ताव, ताकि मिले पर्यटन को बढ़ावा

**विधायक विजयपाल सिंह ने मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल में मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट की। इस दौरान विधायक सिंह ने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से संबंधित ईको सेंसटिव जोन की सीमाओं के संदर्भ में मुख्यमंत्री से चर्चा की।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोमवार को सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल में मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट की। इस दौरान विधायक सिंह ने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से संबंधित ईको सेंसटिव जोन की सीमाओं के संदर्भ में मुख्यमंत्री से चर्चा की।

इस विशेष भेंट के दौरान पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, सलकनपुर ट्रस्ट अध्यक्ष महेश उपाध्याय सहित महेश शर्मा, कमल धूत, पवन झा, संदीप जैन आदि ने भी प्रतिनिधि मंडल में सहभागिता की। विधायक विजयपाल सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बताया कि वन व राजस्व विभाग अधिकारियों द्वारा सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान के ईको सेंसटिव जोन की सीमाओं का निर्धारण कर मानचित्र तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है। इस संबंध में कुछ बिंदुओं को दृष्टिगत रखते हुए ही सीमा निर्धारण कर ही नोटिफिकेशन प्रकाशित किया जाना चाहिए।

जिसमें भारत सरकार ने नौ अगस्त 2017 को सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान के ईको सेंसटिव जोन गजट नोटिफिकेशन प्रकाशित किया। लेकिन प्रचार-प्रसार व मुनादी आदि न होने के कारण प्रभावित पक्षों द्वारा इस पर आपत्ति पेश नहीं की जा सकी थी। इस पर नक्शे के साथ प्रभावित पक्षों एवं ग्रामों से पुनः दावे व आपत्ति बुलाये जाने की आवश्यकता है।

गजट नोटिफिकेशन में पेज क्र. 03 कंडिका (1) में स्पष्ट रूप से क्रिटिकल टायगर हेबीटेट, (कोर जोन) की सीमाओं से नगरीय तथा आबादी क्षेत्र में इसका विस्तार केवल 100 मीटर तक (ह्यूमन हेबीटेट) व अन्य क्षेत्र में इसका विस्तार दो किमी तक रखना उल्लेखित है। लेकिन सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान द्वारा प्रदत्त मानचित्र में संपूर्ण बफर के क्षेत्र को जिसमें राजस्व का क्षेत्र भी संलग्न है, को ईको सेंसटिव जोन का हिस्सा बताया जा रहा है। नोटिफिकेशन में वर्णित कंडिका (1) का तथा शासन के निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है।

राष्ट्रीय उद्यान द्वारा प्रकाशित विभिन्न नक्शों में कोर तथा बफर के मानचित्र राजपत्र में प्रकाशित जो कि 03 जनवरी 2011 जो बफर क्षेत्र से संबंधित राजपत्र है और 24 दिसंबर 2007 जो कोर क्षेत्र से संबंधित राजपत्र में वर्णित सीमाओं से मिलान करने पर भिन्न प्रतीत हो रहे हैं।

12 अगस्त 2013 को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के परिपालन में 22 दिसंबर 2017 में राजपत्र के माध्यम से 11 ग्रामों तथा एनक्लोजर्स ग्रामों को पचमढ़ी अभ्यारण्य बोरी अभ्यारण्य की सीमाओं से प्रतिधारित (पृथक) किया गया था। उक्त क्षेत्र में वन्यप्राणी अधिनियम के प्रावधान लागू नहीं होने का भी स्पष्ट उल्लेख है। उक्त आदेश एवं राजपत्र के अस्तित्व में होने के कारण 24 दिसंबर 2007 को प्रकाशित कोर क्षेत्र के नोटिफिकेशन व तीन जनवरी 2011 के बफर क्षेत्र के नोटिफिकेशन के आधार पर ईको सेंसटिव जोन की सीमाएं निर्धारित करना न्यायसंगत नहीं है।

पचमढ़ी छावनी क्षेत्र भारत सरकार के स्वामित्व एवं नियंत्रण की भूमि है। पचमढ़ी नजूल क्षेत्र राज्य शासन द्वारा अधिसूचित क्षेत्र है। जिसके अंतर्गत विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण दशकों से कार्यरत है। 24 दिसंबर 2007 में कोर क्षेत्र को घोषित करने हेतु प्रकाशित अधिसूचना में उक्त पूरे क्षेत्र को पृथक रखा गया है, इसके अतिरिक्त सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नजूल क्षेत्र एवं केंट क्षेत्र के लिये विभिन्न आदेश जारी किये हैं। लेकिन इन सभी तथ्यों को बिना विचार में लिए ईको संसटिव जोन के प्रस्तावित नक्शे में संपूर्ण शहरी क्षेत्र को ग्रामीण क्षेत्र मानकर ईको सेंसटिव जोन के अंतर्गत रखा गया है, जो विधि विरूद्ध है।

## रेलवे स्टेशन की समस्याओं को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

विगत 22 अक्टूबर को नगर का प्रतिनिधि मंडल नगर की रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को होने वाली असुधाओ की ओर ध्यान आकर्षण कराने हेतु पूर्व सैनिक नीमचंद कुशवाहा ने क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी से जाकर मिले और नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की एकमात्र रेलवे स्टेशन गुरम खेड़ी मैं लंबे समय से रेलगाड़ियो के स्टॉपेज, रेलवे प्लेटफार्म के विस्तार प्लेटफॉर्म ऊंचा करने संबंधी मांग एवं स्थानीय मारू नदी पर अंडर ब्रिज पासिंग को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने स्थानीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया एवं क्षेत्र क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन पत्र सोफा तत्पश्चा क्षेत्रीय महाप्रबंधक प्रबंधक रेलवे जोन जबलपुर से भी मुलाकात कर ज्ञापन दिया।

ज्ञात हो कि पूर्व सैनिक नीमचंद कुशवाहा जो की पूर्व सैनिक होने के साथ-साथ वर्तमान में शिक्षक भी हैं वह रेलवे स्टेशन गुरमखेड़ी मैं ग्रामीणों को होने वाली रेल यात्रा में होने वाली असुविधाओं को लेकर लंबे समय से प्रयास कर रहे हैं।

### सपनों ने दिया आसमान, मेहनत ने दिए पंख



सिवनी मालवा। छोटी-सी उम्र, बड़े सपने, और उन्हें पूरा करने की अटूट लगन—इन्हीं तीन शब्दों में समाई है ओजस्विता यदुवंशी की कहानी। ग्राम बाबरी की यह बिटिया आज पूरे क्षेत्र का गौरव बन चुकी है। अपने दृढ़ निश्चय, माता-पिता के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन से ओजस्विता ने वो मुकाम हासिल किया है, जिसका सपना हर छात्र देखता है। गवर्नमेंट गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल में एमबीबीएस में प्रवेश। ओजस्विता के पिता वीरेन्द्र यदुवंशी और माता स्मिता यदुवंशी ने बचपन से ही बेटी के भीतर एक बड़ा सपना बोया "डॉक्टर बनने का।" वे कहते हैं कि ओजस्विता ने कभी इस लक्ष्य से नजर नहीं हटाई। वह हमेशा अनुशासित रही, मोबाइल से दूरी बनाई रखी, और पढ़ाई को अपना पहला कर्तव्य माना।

## किसानों पर एफआईआर करना अव्यवहारिक पहले पराली प्रबंधन उपलब्धता सुनिश्चित करें

### किसान समस्या को लेकर भारतीय किसान संघ के सदस्यों ने सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

भारतीय किसान संघ की तहसील इकाई ने धान की परली प्रबंधन व्यवस्था को लेकर कलेक्टर के नाम चार मांगों का ज्ञापन तहसीलदार को सौपा है।

ज्ञापन में मांग की गई कि प्रत्येक 100 एकड़ जमीन की पराली प्रबंधन के लिए दो वेलर मशीन दी जाएं। तहसील क्षेत्र मैं सभी जमीन एक ही प्रकार की नहीं है जहां सेहरा भसुआ मिट्टी है वहां पर प्रबंधन के लिए किसानों को सुपर सीडर मशीन उपलब्ध कराई जाए क्योंकि काली दोमट मिट्टी मैं सुपर सीडर से बोवनी सफल नहीं है। जब तक क्षेत्र के प्रत्येक गाव में मांग अनुसार पराली संयंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं की जाती तब तक किसानों पर एफ आई आर करना अव्यवहरिक है। पराली प्रबंधन के सभी संयंत्र किसानों को 90% अनुदान पर उपलब्ध कराए प्रशासन द्वारा उचित प्रबंधन उपलब्ध नहीं करने पर किसान परंपरागत तरीके से प्रबंधन करता है तो उस पर किसी प्रकार की कार्रवाई करना अव्यावहारिक है।ऐसी कार्रवाई का भारतीय किसान संघ विरोध करता है

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी हुए रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

बास्केटबॉल, रोपस किपिंग,खो खो का स्टेट प्रतियोगिता हेतु संभाग नर्मदापुरम की अंडर 14, 17 की टीम आज जबलपुर के लिए रवाना हुई टीम में माखन नगर के सांदीपनी विद्यालय पीएम श्री विद्यालय आंचलखेड़ा एवं सेमीरिटर्न स्कूल के विद्यार्थी शामिल हैं टीम के जनरल मेनेजर सुनील शर्मा, राजेश माजी खेल शिक्षक,नैना शर्मा अतिथि खेल शर्मा , भावना सोलंकी, जया मालवीय अखिलेश दुबे, समदर्शी सोनी अविनेश दुबे सहित जिला कोच विकास खंड के छात्र अभिषेक मरकाम, आस्तिक दुबे, मोहित पाल, नीरज अहिरवार जबलपुर में 28 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक आयोजित स्टेट बास्केटबॉल रोपस किपिंग एवं खो खो प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## राज्य स्तरीय स्पर्धा में सांदीपनि उमावि के छात्र सत्यम न मूर्तिकला में पाया तृतीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर





माखन नगर वाल्मी भोपाल में विगत दिनों राज्य स्तरीय कला उत्सव का आयोजन हुआ। इसमें शा. सांदीपनि उच्च.माध्य. विद्यालय माखन नगर के छात्र सत्यम नामदेव ने मूर्ति कला के अंतर्गत राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

उल्लेखनीय है कि स्कूली विद्योर्थियों में भारतीय कला परम्परा की समझ विकसित करने और उसके सर्वांगीण विकास में कला की भूमिका को सशक्त बनाने हेतु पूरे प्रदेश में विद्यालय, विकास खंड, जिला, संभाग स्तर पर तत्पश्चात राज्य स्तर पर प्रतिभावान बच्चों का चयन किया जाता है।

इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के समग्र शिक्षा अभियान की परियोजना संचालक मनीषा सेतिया,राज्य शिक्षा केन्द्र से डॉक्टर महेश जैन,संयुक्त संचालक अरविंद चोरगढे और अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में छात्र सत्यम नामदेव ने पुरुस्कार प्राप्त कर अपने कला मर्मज्ञ शिक्षकों,संस्था और माखन नगर को गौरवान्वित किया।

छात्र को प्राचार्य के.के.दुबे तथा पूरे स्टाफ ने बधाई और शुभकामनाएं प्रदान की।

## युवा यादव समाज ने सीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



तहसील के ग्राम मोरघाट में एक हृदयविदारक घटना ने पूरे क्षेत्र को शोकाकुल कर दिया है। गांव के किसान विकास यादव पिता सेवकराम यादव ने अपनी मक्का की फसल पूरी तरह खराब होने और बढ़ते कर्ज के बोझ से व्यथित होकर 22 अक्टूबर 2025 को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना क्षेत्र के किसानों के लिए गहरी चिंता का विषय बन गई है। जानकारी के अनुसार, विकास यादव बीते कुछ समय से अपनी खराब फसल और कर्ज की अदायगी को लेकर मानसिक रूप से परेशान थे। लगातार हुए नुकसान ने उन्हें आर्थिक संकट में धकेल दिया था, जिसके कारण उन्होंने यह अत्यंत दुखद कदम उठाया।

इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और ग्रामीणों में शासन से नाराजगी भी देखी जा रही है कि फसल बीमा और राहत योजनाओं का लाभ समय पर किसानों तक नहीं पहुंच पा रहा। घटना के बाद समस्त युवा यादव समाज ने एकजुट होकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम तहसीलदार महोदया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मृतक किसान के परिवार को त्वरित आर्थिक सहायता प्रदान करने, उन पर बकाया समस्त ऋण माफ करने तथा परिवार के किसी सदस्य को सरकारी सहायता या रोजगार देने की मांग की गई। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि किसान समाज का आधार हैं, और जब वही आर्थिक तंगी के कारण आत्महत्या करने को मजबूर होते हैं, तो यह स्थिति शासन-प्रशासन के लिए गंभीर चिंतन का विषय है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को ऐसे पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए शीघ्र राहत प्रदान करनी चाहिए, ताकि अन्य किसान निराशा की स्थिति में न जाएं। ग्राम मोरघाट में विकास यादव की असामयिक मृत्यु ने न केवल एक परिवार को शोक में डुबो दिया है, बल्कि यह घटना क्षेत्र के किसानों की वास्तविक स्थिति पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है। ग्रामीणों ने शासन से अपेक्षा जताई है कि पीड़ित परिवार को न्याय और सहायता शीघ्र प्राप्त हो, जिससे मृतक किसान के परिवार को जीवन यापन में राहत मिल सके।

## हरियाली पर चल रही कुल्हाड़ी : वनक्षेत्र में रोज कट रहा सागवान व बांस वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी बेखबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद



क्षेत्र के आसपास के जंगल से इमारती लकड़ी और बांस की अंधाधुंध कटाई हो रही है लकड़ी चोर वन विभाग की अनदेखी से निडर होकर जंगल की अनमोल संपदा को काटकर दिनदहाड़े बांस और सागवान की चरपट साइकिल पर बांधकर चोरी को अंजाम दे रहे हैं साइकिल पर बांस एवं सागौन की चरपट बोरी एवं सेमरी पथरई रोड का वीडियो वायरल हुआ है।सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार सेमरीहरचंद और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की फर्नीचर की दुकामो पर जंगल से चोरी की लकडियो को खरीदकर फर्नीचर बनाकर बेचा जाता है। सूत्रों के हवाले से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिद्ध महाराज रोड पर प्रतिदिन वन माफियाओं द्वारा अवैध सागौन की चरपट पिकअप वाहन मैं भर कर ले जाते हैं, वहीं स्थानीय नागरिकों को रोजमर्रा की जरूरत के लिए उपयोग होने वाली जलाऊ लकड़ी तक नही मिलती सेमरी हरचंद मैं स्थित निस्तार डिपो मे लकड़ियों का आभाव रहता है,कभी कभी ऐसी स्थिती बन जाती है कि शवदाह करने के लिए तक स्थानीय निस्तार डिपो मे भी लकड़ी नही मिलती। अब देखना यह है इन लकड़ी चोर और इमसे जुड़े अपराधियो पर विभाग क्या कार्यवाई करता है अथवा इसी प्रकार जंगल की अनमोल संपदा लुटती रहेगी।

**इनका कहना है**

मुझे आपके माध्यम से जनकारी प्राप्त हुई है कार्रवाई करेंगे ।

**सुमित पांडेय वन परिक्षेत्र अधिकारी सोहागपुर**

## जुआ खेलते पुलिस ने 21040 रुपए किए जब्त



**सीहोर।** पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु दिए गए निर्देशों के पालन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर सुनीता रावत एवं एसडीओपी बुधनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए जुआ खेलते हुए 7 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मौके से 21,040 रुपए नगद राशि एवं 52 ताश के पत्ते जब्त किए हैं। 26 अक्टूबर को रेहटी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि चौहान होटल, रेहटी में कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों से रुपये की हार-जीत पर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर हमराह बल के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपियों में क्रमशः देवेन्द्र सिंह पिता प्रेम सिंह चौहान, उम्र 32 वर्ष, निवासी वार्ड क्र. 02, आवास कॉलोनी, रेहटी, मनोज महेश्वरी पिता तेजपाल महेश्वरी, उम्र 48 वर्ष, निवासी चोपड़ा कॉलोनी, रेहटी, अनिल चौहान पिता स्व. अमीर सिंह चौहान, उम्र 34 वर्ष, निवासी वार्ड क्र. 14, पटेल कॉलोनी, रेहटी, राजकुमार ठाकुर पिता स्व. यशवंत सिंह ठाकुर, उम्र 44 वर्ष, निवासी मेन रोड, रेहटी, राजेन्द्र चौहान पिता स्व. प्रेम सिंह चौहान, उम्र 33 वर्ष, निवासी होली टेकरी, रेहटी, सुमित महेश्वरी पिता मोहनलाल महेश्वरी, उम्र 24 वर्ष, निवासी वार्ड क्र. 06, बाड़ी मोहल्ला, रेहटी, रोहित चौहान पिता मंगल सिंह चौहान, उम्र 28 वर्ष, निवासी वार्ड क्र. 12, रेहटी शामिल हैं। आरोपियों के पास से 21,040 रुपए नकद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए गए। आरोपियों का कृत्य धारा 13 जुआ अधिनियम के अंतर्गत पाया गया। सभी आरोपियों को धारा 35 बीएनएसएस के तहत नोटिस तामील कर न्यायालय में उपस्थित होने हेतु सूचित किया गया तथा अपराध क्रमांक 572/25 धारा 13 जुआ अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## भाजपा नेता राय ने पौधरोपण कर मनाया अपना जन्म दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

भाजपा के पूर्व सांसद प्रतिनिधि एवं पूर्व जिला सतर्कता समिति सदस्य अरविंदराय का जन्म दिन भाजपा कार्यालय में तथा जेल परिसर में वृद्धा आश्रम में फल वितरित किए तथा जेल परिसर में पौधरोपण कर मनाया गया।

इस दौरान विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल महिलामोर्चा जिला महामंत्री ममता नागवंशी सविताराज पार्षदमुकेश खटीक नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांतरघुवंशी राजा भैया पटेल सुजीत रघुवंशी सहित तमाम जनप्रतिनिधियों संगठन के पदाधिकारी केद्वारा महिला मोर्चा सहितसंगठन के सभी के द्वारा कार्यालय में केक काटा गया। पुष्प वर्षा कर स्वागत सम्मान कियागया।जेल परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस दौरान ब्रक्ष मित्र संस्थान के सभी पदाधिकारी एवं जेलर मनीष पवार उपस्थिति रहे।

## निम्नागांव के 2 मेधावी छात्रों को मिली स्कूटी सरपंच व शाला प्राचार्य ने छात्रों चाबी सौंपी



**भैरुंदा।** प्रदेश सरकार की विशेष योजना के तहत 12वीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को निःशुल्क स्कूटी दी जा रही है। इसी कड़ी में भैरुंदा के निम्नागांव शासकीय स्कूल में इस योजना का लाभ दो मेधावी छात्रों को स्कूटी प्रदान की शनिवार को शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निम्नागांव में दो मेधावी छात्रों को स्कूटी की चाबी सौंपी गई। सत्र 2023-24 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र रामकृष्ण सैनी और छात्रा सलोनी सैनी को यह सम्मान मिला। इस अवसर पर कक्षा 6 के पांच बालक,बालिका को साईकिल वितरण की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच शिवनारायण बकोरिया एवं शाला प्राचार्य श्रीराम पेठारी सहित पालकगण, समस्त शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्राएं मौजूद थे। इस दौरान स्कूल प्राचार्य श्रीराम पेठारी ने बताया कि निम्नागांव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के दो छात्रों को शासन द्वारा स्कूटी प्रदान की गई है। कक्षा 6 के पांच बालक बालिका साईकिल वितरण की गई।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं शिवांश भावसार पिता श्री दिलीप भावसार आयु 23 वर्ष निवासी डी-6, सेक्टर-3. फेस-1, वार्ड नं. 16, दी ग्रैंड ऐवेन्यू इटारसी, तहसील इटारसी, जिला नर्मदापुरम । मैने वर्ष 2018 में कक्षा दसवी की परीक्षा एम.जी.एम. इंग्लिश मीडियम हायर सीनियर सेकेण्डरी स्कूल इटारसी से(केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) से उत्तीर्ण हुआ हूँ। जिसमें मेरा नाम SHIVANSH DILIP BHAVSAR त्रुटिवश अंकित हो गया है । मेरे आधार कार्ड नं. 7248 4888 2271 एवं शैक्षणिक और अन्य दस्तावेजो में नाम शिवांश भावसार (SHIVANSH BHAVSAR) दर्ज है जो सही एवं सत्य है।अतः भविष्य में सभी शासकीय/अशासकीय दस्तावेजो मे मेरा नाम शिवांश भावसार (SHIVANSH BHAVSAR) के नाम से जाना व पहचाना जावे ।शपथ पत्र CY 989325

## खबर संक्षेप

### लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को

**हरदा।** जिले में लंबित प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किये जाने के लिये 13 दिसंबरको वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। जिला न्यायालय, हरदा तथा तहसील न्यायालय, टिमरनी और खिरकिया में किया जावेगा। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा चंद्रशेखर राठौर ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, एमएसीटी प्रकरण (मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा), वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत बिल, जलकर, सम्पत्तिकर संबंधी प्रकरण (चोरी के मामलों को छोड़कर), सेवा निवृत्ति लाभों से संबंधित सेवा मामलें, राजस्व तथा अन्य सभी प्रकार के राजीनामा योग्य, प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा।

### 24 घंटों में जिले में 16.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 16.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 22.6 मि.मी., टिमरनी में 15.2 मि.मी., खिरकिया में 28.2 मि.मी., सिराली में 12.4 मि.मी. तथा रहटगांव में 4.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 1271.8 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 1157.8 मि.मी., टिमरनी में 1468.7 मि.मी., खिरकिया में 1336.5 मि.मी., सिराली में 1296.6 तथा रहटगांव में 1099.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 27 अक्टूबर तक 1128.6 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### ग्राम सभा आयोजित करने के निर्देश

**सीहोर।** जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने कसभी संबंधित अधिकारियों को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का नियमित मासिक आयोजन कराने के निर्देश दिए हैं।

### 6 घंटे में पोकलेन से जमींदोज हो गई नया बस स्टैंड की इमारत

# 10 करोड़ से बनेगा नया तीन मंजिला भवन, 126 दुकानें भी बनाई जाएंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सोमवार को नया बस स्टैंड की जर्जर इमारत को पोकलेन मशीन से ढहा दिया गया। लगभग छह घंटे में पूरी बिल्डिंग जमींदोज हो गई। इस दौरान सीएमओ कमलेश पाटीदार मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने दुकानों से सामान हटवाने के बाद ही कार्रवाई शुरू करवाई।

सुरक्षा के मद्देनजर बसों को दूर खड़ा करने की हिदायत दी गई, जिससे आवाजाही सड़क के बाहर से जारी थी। इसके चलते सड़क पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। नगर पालिका ने जर्जर बिल्डिंग तोड़ने का ठेका दिया था, लेकिन ठेकेदार द्वारा देरी की जा रही थी, जिसके बाद उसे नोटिस जारी किया गया था। सीएमओ पाटीदार ने बताया कि नई बस स्टैंड बिल्डिंग के लिए 29 अक्टूबर को दोबारा टेंडर प्रक्रिया होगी। उन्होंने यह भी बताया कि लगभग एक साल की अवधि में नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। नई बिल्डिंग पर करीब 10 करोड़ रुपये की लागत आएगी।




**पुराने दुकानदारों को प्राथमिकता के आधार पर स्थान मिलेगा**

*सीएमओ कमलेश पाटीदार के अनुसार, नई बस स्टैंड बिल्डिंग तीन मंजिला होगी, जिसमें कुल 126 दुकानें बनाई जाएंगी। ग्राउंड फ्लोर पर 26 दुकानें, मेजेनाइन पर 27, फर्स्ट फ्लोर पर 61 और सेकंड फ्लोर पर 1500 से 3000 वर्ग फीट की 6 दुकानें व ऑफिस स्पेस उपलब्ध होंगे। पुराने दुकानदारों को आवंटन में प्राथमिकता पुराने दुकानदारों को प्राथमिकता के आधार पर स्थान मिलेगा। ग्राउंड फ्लोर की 26 दुकानों में से 20 दुकानें वर्तमान दुकानदारों को निर्माण लागत पर दी जाएंगी। शेष दुकानों के लिए ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसकी जानकारी शहर के प्रमुख चौराहों जैसे नई सब्जी मंडी, बस स्टैंड, बायपास रोड और बाजार क्षेत्र में फ्लेक्स लगाकर दी जा रही है।*

# अन्नकूट महोत्सव में लगाए गए भगवान गिरिराज को छप्पन भोग, हुई महाआरती

### स्वस्तिक वाचन मंत्रों से स्वागत कर पुष्प वर्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



सर्व ब्राह्मण समाज संगठन ने रविवार शाम को एक निजी गार्डन में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर भगवान गिरिराज को छप्पन भोग लगाकर महाआरती की गई।

कार्यक्रम में राधा-कृष्ण की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही। महोत्सव में संत शिरोमणि संत ब्रह्मचारी महाराज नेमावर ने उपस्थित होकर समाज के लोगों को आशीर्वचन दिए। उनके आगमन पर समाज के विद्वान पंडितों ने स्वस्तिक वाचन मंत्रों से स्वागत कर पुष्प वर्षा की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अमित कुमार मिश्रा भी इस अवसर पर विशेष रूप से मौजूद रहे। अन्नकूट महोत्सव का शुभारंभ भजनों के साथ हुआ। गायक सुदीप मिश्रा और उनकी टीम ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। महाआरती के बाद सहभोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### बच्चों को अच्छी शिक्षा देने पर जोर

संगठन के अध्यक्ष सुनील तिवारी ने विप्र बंधुओं से सामाजिक एकता बनाए रखने और बच्चों को अच्छी शिक्षा देने पर जोर दिया। इस अवसर पर संगठन के सचिव लोकेश शर्मा, उत्तम तेनगुरिया, महिला संगठन की अध्यक्ष विनीता राजौरिया, अदिति गुरु, नगर अध्यक्ष दीपक शुक्ला, युवा संगठन के अध्यक्ष विवेक बादर, कार्यकारी अध्यक्ष सुदीप मंडलोई, सचिव नवीन शर्मा सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

### दुर्व्यवहार व फॉर्म न मिलने की शिकायत

**सीहोर** । सीहोर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों से दुर्व्यवहार और रिजर्वेशन फॉर्म वितरण में गड़बड़ी की शिकायत की गई है। नागरिक राजेंद्र सिंह राजपूत ने पश्चिमी रेलवे, रतलाम मंडल के डीआरएम को पत्र सौंपा। शिकायत में बताया कि स्टेशन पर सुबह 8 बजे से पहले और दोपहर 2 बजे के बाद रिजर्वेशन फॉर्म नहीं दिए जाते। इससे यात्रियों को परेशानी होती है। शिकायतकर्ता के अनुसार जनरल खिड़की पर तैनात कर्मचारी यात्रियों से अभद्र भाषा में बात करता है। जब कोई यात्री नियमों की जानकारी देता है, तो कर्मचारी उससे दुर्व्यवहार करता है। साइकिल स्टैंड के ठेकेदार पर भी यात्रियों से अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया गया है।

### संभागायुक्त ने किया बांयी तट मुख्य नहर का निरीक्षण

# किसानों से रबी सिंचाई वर्ष 2025-26 की तैयारी व पानी की मांग के संबंध में चर्चा की

**हरदा।** संभागायुक्त नर्मदापुरम् के.जी. तिवारी ने सोमवार को हंडिया शाखा नहर व तवा बांयी तट मुख्य नहर का भ्रमण कर निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग नर्मदापुरम आर.आर. मीना व कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग सोनम बाजपेयी, अन्य अधिकारी कर्मचारी व कृषकगण उपस्थित थे। भ्रमण के दौरान संभागायुक्त तिवारी ने हंडिया शाखा नहर की आर.डी. 7828 मी. व तवा बांयी तट मुख्य नहर की खिडकी उपनहर की चेन क्रमांक 272 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने उपस्थित किसानों से रबी सिंचाई वर्ष 2025-26 की तैयारियों व पानी की मांग के संबंध में चर्चा की।



# नेहरू स्टेडियम में स्थापित ओपन जिम मशीन से लाभान्वित होंगे खिलाड़ी के साथ नागरिक

### 8 लाख की लागत से जिले के लिए ओपन जिम मशीन प्रदाय की

**हरदा।** नागरिकों एवं खिलाड़ियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये जिले को ओपन जिम मशीन मिली है। स्थानीय नेहरू स्टेडियम में प्रतिदिन प्रातः एवं सायं लगभग 500 खिलाड़ी, वरिष्ठजन व नागरिक स्वस्थ्य रहने के लिये नियमित रूप से व्यायाम के लिए स्थानीय नेहरू स्टेडियम में आते हैं।

जिला खेल अधिकारी उमा पटेल ने बताया कि संचालनालय खेल और युवा कल्याण भोपाल से लगभग 8 लाख रूपये की लागत से जिला हरदा के लिए ओपन जिम मशीन प्रदाय की गई है। ओपन जिम मशीन में लेग प्रेस, आर्म एण्ड शोल्डर व्हील, डबल क्रॉस वॉकर, इल्पीटिकल एक्सरसाईजर, सिट अप स्टेशन, एक्सरसाईजिंग बार, चेन अप बार, आर्म व्हील, रोईंग मशीन, नी हिप राईज, टीस्वटर स्थापित किये गये हैं। खिलाडी प्रतिदिन खेल अभ्यास के साथ शारीरिक व्यायाम भी कर सकते हैं। नेहरू स्टेडियम में स्थापित ओपन जिम के उपयोग से प्रशिक्षण केन्द्र के खिलाड़ी तथा अन्य सामान्य नागरिक भी लाभ प्राप्त कर सकेंगे।



### ज्ञापन सौंपकर नगरीय व ग्रामीण इलाके के मामले को उठाया

# कांग्रेस ने जुआ, सट्टा को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

छीपावड थाना क्षेत्र में गांव गांव विक रही शराब एवं जुआ, सट्टा के संचालन बाबत कांग्रेस ने एक ज्ञापन एसडीओपी कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपा ।

खिरकिया तहसील के छीपावड थाना क्षेत्र मे गांव गांव किराना दुकानों एवं गुमठियों मे शराब बिक रही है तथा खिरकिया नगरीय क्षेत्र तथा ग्रामीण इलाके में जुआ सट्टा बेरोक-टोक चल रहा है, परन्तु छीपावड थाने का स्टाफ थाना प्रभारी के द्वारा इन अवैध गतिविधियों पर कोई अंकुश नही लगाया जा रहा है। इसी के साथ खिरकिया नगरीय क्षेत्र में गली मोहल्लो में नाबालिक बच्चे तेज गति से बुलेट जैसे बड़े वाहन बेरोक-टोक चला रहे है, इन बुलेट वाहनो मे पटाखे जैसी ध्वनि निकलती हैजिससे दूसरे वाहन चालक डर जाते है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसी के साथ इन नाबालिग बच्चो की वजह कई बार गली मोहल्लो मे छोटे बच्चे महिलाए दुर्घटना का शिकार हो रहे है परन्तु इस पर भी छीपावड थाना प्रभारी एवं स्टाफ का कोई अंकुश नहीं है। अवैध शराब के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी। खिरकिया क्षेत्र मे गांव गांव पान गुमठी और किराना दुकानों पर शराब की बिक्री हो रही है इसके विरोध मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शंकर सिंह सोलंकी के नेतृत्व मे अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को ज्ञापन सौंपा गया ब्लॉक अध्यक्ष ने आरोप लगया की पुलिस और ठेकेदार की मिलीभगत से अवैध शराब की बिक्री की जा रही है शहरी क्षेत्र के सभी ढाबो पर शराब परोसी जा रही है खिरकिया और चारुआ शासकीय शराब दुकान से दोपहिया और चार पहिया वाहनों से अवैध रूप से परिवहन होता है। ब्लॉक अध्यक्ष ने आरोप लगाया की ठेकेदार मैनेजर और छीपाबड़ थाना प्रभारी की मिलीभगत अवैध कारोबार को बढ़ावा मिल रहा है युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है और अधिकांश दुर्घटना नशे की वजह से हो रही है. अगर अवैध परिवहन और बिक्री पर अंकुश नही लगा तो कांग्रेस आंदोलन को बाध्य होंगी । इस दौरान कांग्रेस प्रवक्ता असलम पठान देवेंद्र राजपूत भोला गुर्जर शैलेन्द्र पाटिल उपस्थित थे ।




**इनका कहना है**


पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है । सट्टा , जुआ एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई की जाएगी ।

संतोष सिंह चौहान,
टी आई थाना छीपाबड़

# भक्तों ने बनाया मंदिर, विराजमान होगी बाबा की प्रतिमा, श्रीराम कथा की जाएगी

### साधु संतों की आस्था का केंद्र है मस्तराम बाबा तपोभूमि आश्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



ब्रह्मलीन मस्तरामदास त्यागी महाराज की तपोस्थली हरदा हैं। उनकी अखंड धूने पर आज भी दंडवत करने देश दुनिया के संत आते हैं। बताया जाता है कि मस्तराम बाबा 1984 में हरदा आए थे। उसके बाद 2011 में शरीर छोड़ने तक हरदा में ही रहे थे। इस दौरान उनके अनुयायियों की एक लंबी फौज तैयार हो चुकी थी।

बाबा के काफी नजदीक रहने वाले 78 वर्षीय राजेन्द्र उर्फ रज्जू बाबा त्यागी, मनोहर लाल शर्मा, विजय कुमार भार्गव ने बातचीत में बताया कि मस्तराम बाबा हरदा में पहले गुप्तेश्वर मंदिर में आकर रहने लगे थे। हरदा स्थित मस्तराम बाबा के आश्रम पर इन दिनों सीताराम नाम जप चल रहा है। बीती 6 जुलाई को देव शयनी एकादशी से प्रारंभ हुआ यह नाम जप देव उठनी एकादशी 1 नवंबर तक अर्थात चातुर्मास निरंतर जारी है। इस दौरान यहां उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र के विभिन्न संत आश्रमों से अनेक संत विभूतियों का आना-जाना लगा रहा। भक्तों की पहल से मस्तराम बाबा के आश्रम का अब एक सुव्यवस्थित निर्माण लगभग पूर्णता की ओर है। जिससे यहां आकर ठहरने वाले साधु संतों को सुविधा उपलब्ध हो सके। वहीं आगामी दिनों में यहां मस्तराम बाबा की एक भव्य प्रतिमा भी स्थापित की जा रही है। इसी दौरान 5 नवंबर से 13 नवंबर तक वृंदावन के प्रसिद्ध कथावाचक मदनमोहन महाराज की श्रीराम कथा का भव्य आयोजन भी किया जा रहा है। स्थानीय कच्छकड़वा पाटीदार भवन में प्रति दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक श्रीराम कथा का अमृत बरसेगा, वहीं रात्रि को 8 बजे से क्षेत्रीय भजन मंडलियों द्वारा भजन कीर्तन की प्रस्तुति दी जाएगी।

# श्री माधवमहाकाल आरोग्य आश्रम परिवार के तत्वावधान में 2 नवंबर को अन्नकूट महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस साल भी श्री माधवमहाकाल आरोग्य आश्रम परिवार के तत्वावधान में दो नवंबर को भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन राष्ट्रीय कथा व्यास पंडित मोहित राम पाठक के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर आज आश्रम परिवार के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी का यहां पर मौजूद परिवार के सदस्यों ने स्वागत किया। इस मौके पर कथा व्यास पंडित पाठक ने कहाकि सेवा और दान के काम में हमेशा आगे रहना इसलिए ज़रूरी है, क्योंकि यह व्यक्ति और समाज दोनों के लिए कल्याणकारी होता है। यह न केवल ज़रूरतमंदों की मदद करता है, बल्कि देने वाले को भी मानसिक संतुष्टि और खुशी देता है। हमारे तिवारी ऐसे सेवक है जो हमेशा दान और सहयोग के कार्य में रहते है। उनके द्वारा करीब 150 परिवार को गत दिनों दीपावली के अवसर पर राशन सामग्री के अलावा अन्य वस्त्र और आतिशबाजी का वितरण किया गया था। अपने सम्मान पर आभार व्यक्त करते हुए संस्कार मंच के संयोजक श्री तिवारी ने बताया कि हर समय सेवा कार्य में तत्पर रहना चाहिए। धनी आदमी ही दान नही करता है, दान कोई भी कर सकता है, दिल होना चाहिए। सर्वे भवंतु सुखिन सर्वे संतु निरामया... सिर्फ एक धारणा नहीं है। यह मूर्त रूप ले सके, इसके लिए व्यवस्था भी बनाई गई है। दान उसी व्यवस्था का एक हिस्सा है। कहा जाता है कि बांटने से दुख घटते हैं, जबकि सुख बढते हैं। दान सुख की साझेदारी का जरिया है।

# प्रशासन की कार्रवाई को लेकर परिजनों ने किया प्रदर्शन





**थाने के सामने धरने पर बैठे, समझाइश के बाद खत्म हुआ प्रदर्शन**

**बुधनी।** नगर में शनिवार को एक ओर प्रशासन ने शासकीय भूमि पर हुए कब्जे को हटाने की बड़ी कार्रवाई की, वहीं दूसरी ओर इस कार्रवाई को लेकर परिजनों ने इसका विरोध करते हुए थाने के सामने प्रदर्शन किया।

दिन में राजस्व एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने पीडब्ल्यूडी कार्यालय के पास स्थित शासकीय भूमि पर चल रहे निर्माण को हटाने की कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के दौरान परिजनों ने विरोध जताया , लगभग पाँच घंटे चली कार्रवाई के बाद प्रशासन ने भूमि को कब्जे में लेकर उस पर जालीदार बैरिकेडिंग लगाकर फेसिंग करवाई ताकि भविष्य में दोबारा कब्जा न हो सके। इस दौरान शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामले में तीन लोगों को हिरासत में लेकर एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया वही शाम लगभग 9:00 बजे हिरासत में लिए गए लोगों के परिजन और स्थानीय नागरिक थाने के सामने एकत्र हो गए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए प्रदर्शनकारियों ने मुख्य मार्ग को बंद कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थिति बिगड़ते देख एसडीओपी रवि शर्मा, एसडीएम डी.एस. तोमर और तहसीलदार ललित सोनी मौके पर पहुंचे तथा आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया पहले प्रदर्शनकारी मानने को तैयार नहीं थे, लेकिन अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिया कि अगली सुबह सशर्त जमानत दी जाएगी इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने कुछ देर बाद धरना खत्म किया और यातायात बहाल हुआ।उल्लेखनीय है कि शिकायत मिलने पर राजस्व विभाग ने नोटिस जारी कर निर्माण रोकने के निर्देश दिए थे, लेकिन उसके बाद भी काम जारी रहा। अंततः शनिवार को प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर भूमि को मुक्त कराया। इस दौरान पीडब्ल्यूडी कार्यालय के पास हाल ही में बनाई गई कुछ दुकानों को भी हटाया गया। इस पर कुछ दुकानदारों ने आपत्ति जताई, लेकिन प्रशासन की कार्रवाई जारी रही और अंततः उक्त भूमि को पूरी तरह खाली कराकर फेसिंग कर दी गई।